ADOPT HEALTHY LIFESTYLE

माह - मई दिनांक - 10-05-2025
(शनिवार)

गतिविधि :- • औषधीय पौधे लगाना
• पोस्टर बनाना

आज दिनांक 10-05-2025 को माह - मई की इको क्लब की गतिविधियों का आयोजन किया गया। बैठक में इको क्लब की गतिविधि मे क्लब के सदस्यों के साथ-साथ अभिभावको ने भी प्रतिभाग किया।

आज की प्रथम गतिविधि → सर्वप्रथम हरित शिक्षिका द्वारा क्लब के सदस्यो को औषधीय पौधे की अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया कि ऐसे पौधे जिनके किसी भी भाग से दवाएँ बनाई जाती है,

औषधीय पौधे कहलाते है, अपगंधा, तुलसी, नीम, पुदीना आदि इसी प्रकार के पौधे है। औषधीय पौधो का उपयोग बीमारियो के इलाज या रोकथाम के लिये किया जाता है। औषधीय पौधो को उगाकर हम स्थानीय पौधो को संरक्षित कर सकते है और पारिस्थितिक तंत्र को बेहतर बना सकते है। तत्पश्चात् बच्चो की सहायता से विद्यालय परिसर में औषधीय पौधारोपण किया गया। उक्त गतिविधि को ECO Portal पर

ADOPT HEALTHY LIFESTYLE में अपलोड किया गया।

पोस्टर बनाना :- द्वितीय गतिविधि के अन्तर्गत आज इको क्लब के सदस्यों के मध्य 'वृक्षारोपण" विषय पर आधारित "पोस्टर मेकिंग" प्रतियोगिता करायी गयी। उक्त गतिविधि के फोटो थीम- ADOPT HEALTHY LIFESTYLE में बिन्दु POSTER MAKING के अन्तर्गत इको पोर्टल पर अपलोड किये गये। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों का उत्साह-वर्धन करते हुए विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

उक्त गतिविधियों के संचालन के पश्चात् आज की बैठक का समापन कर दिया गया।

हस्ताक्षर :-